छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल, रायपुर

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Website- https://cgssb.cgstate.gov.in

क्रमांक / एस.एस.बी. / परीक्षा एफ–20 / 2026 / 4422 रायपुर, दिनांक 05/11/26

कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा समूह–2, तृतीय श्रेणी (स्नातकोत्तर एवं स्नातक स्तर) उप समूह–02 के अंतर्गत अधिसूचित पदों हेतु लिखित भर्ती परीक्षा (G20227) के ऑनलाइन आवेदन के सम्बंध में विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल अधिनियम 2026 के तहत् सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्धारित समूह–2, तृतीय श्रेणी (स्नातकोत्तर एवं स्नातक स्तर) उप समूह–02 के अंतर्गत विभिन्न विभागों से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर निम्नलिखित तालिका अनुसार अधिसूचित पदों की लिखित भर्ती परीक्षा (G20227) का आयोजन दिनांक 10-01-2027 को किया जायेगा –

क्र.	पद का नाम	संख्या	क्र.	पद का नाम	संख्या
1.	शीघ्रलेखक (हिन्दी)	30	6.	स्टेनो टायपिस्ट	23
2.	शीघ्रलेखक (अंग्रेजी)	03	7.	सहायक ग्रेड 3	1206
3.	शीघ्रलेखक (द्विभाषी)	13	8.	पंजीयन लिपिक	50
4.	उप निरीक्षक – अ (शीघ्रलेखक) (सामान्य शाखा) (हिन्दी)	34	9.	सहायक उप निरीक्षक – अ (सामान्य शाखा)	40
5.	डाटा एंट्री ऑपरेटर	25	10.	सहायक उप निरीक्षक – अ (जिला–इकाई संवर्ग)	279

उपरोक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु परीक्षा का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी मण्डल के पोर्टल में निम्नानुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे–

1	ऑनलाईन आवेदन भरने का प्रारंभ दिनांक	05.11.2026 (गुरूवार)
2	ऑनलाईन आवेदन भरने का अंतिम दिनांक	27.11.2026 (शुक्रवार) सायं 5:00 बजे तक
3	ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि सुधार हेतु अवधि	28.11.2026 से 30.11.2026 सायं 5:00 बजे तक
4	परीक्षा दिनांक	10.01.2027 (रविवार)
5	परीक्षा का समय	10:00 से 12:15 बजे तक
6	वेबसाइट पर प्रवेश पत्र जारी करने का संभावित दिनांक	04.01.2027 (सोमवार)
7	परीक्षा केन्द्र	05 संभागीय मुख्यालयों में

अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन पद्धति से किया जावेगा। छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी अभ्यर्थी, जो परीक्षा में उपस्थित होते हैं, उनका परीक्षा शुल्क वापस कर दिया जावेगा । परीक्षा शुल्क उसी बैंक खाता में वापस किया जावेगा, जिस बैंक खाता से अभ्यर्थी ने ऑनलाइन आवेदन परीक्षा शुल्क का भुगतान किया है ।

विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://cgssb.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है।

05 Nov 2026

परीक्षा नियंत्रक
छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल
रायपुर

5.11.26